an>

Title: Need to increase the height of under bridge near Kalpi station in Jhansi division in Jalaun Parliamentary Constituency.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

मेरा लोक सभा क्षेत्र जालौन-गरौठा, भोगनीपुर के उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी डिवीजन में एक काल्पी स्टेशन है। काल्पी स्टेशन के पास एक अंडर ब्रिज बना हुआ है, जिसके नीचे से ट्रक और आम जनता के वाहन निकलते थे। उस पर सी.सी. रोड बनने की वजह से पुल की ऊँचाई कम हो गयी है। इस वजह से उसके नीचे से ट्रक नहीं निकल पा रहे हैं क्योंकि रेलवे लाइन के पश्चिम की तरफ पूरा नगर बसा हुआ है और पूरब में एसडीएम कोर्ट, तहसीलदार और तमाम कार्यालय बने हुए हैं। उद्योग कार्यालय भी उसी ओर है। कागज का कारखाना भी उसी तरफ बना हुआ है। करीब 60-70 गांवों के लोग उस पुल के नीचे से निकलते हैं। अभी उत्तर-मध्य रेलवे के झांसी से कानपुर के बीच में डबल लाइन का काम प्रारंभ हुआ है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि काल्पी स्टेशन के पास बने पुल की ऊँचाई बढ़ाई जाए ताकि क्षेत्र की जनता के वाहन तथा ट्रक आदि वहाँ से गुजर सकें।